साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-21

बिहार सरकार का उपक्रम

CIN No. U40109BR2012SGC018890

संकल्प संख्या 665 / दिनांक 12/08/26 /

SB-II/BHG-Alleg-11721/2026

श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुंगेर सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, केंद्रीय भंडार मुंगेर को दिनांक 26.04.2026 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार का मुंगेर जिलान्तर्गत प्रखण्ड–असरगंज एवं तारापुर में कार्यक्रम के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने संबंधी आरोपों के लिए कंपनी के का0आ0सं0– 834 दिनांक– 26.04.2026 द्वारा निलंबित किया गया।

कालांतर में श्री कुमार द्वारा निलंबन से मुक्त किये जाने हेतु दिये गए अभ्यावेदन के आलोक में श्री कुमार को का0आ0सं0–1198 दिनांक– 09.06.2026 द्वारा निलंबन से मुक्त किया गया।

श्री कुमार द्वारा समर्पित अभ्यावेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक् समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के दिनांक 26.04.2026 के यात्रा के दौरान किसी भी फीडर/ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 02 बजे तक लगातार बाधित नहीं थी। हेलीकाप्टर लैंडिग/ टेकऑफ के समय, कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में तकनीकी कारणों एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिला पदाधिकारी मुंगेर के निर्देश के आलोक में कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता द्वारा कुछ–कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बंद की गयी थी। 11 KV लखनपुर फीडर में ट्रिप होने का मुख्य कारण मौसम की खराबी एवं तेज हवा का चलना था।

अतः श्री कुमार द्वारा समर्पित अभ्यावेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक् समीक्षोपरान्त श्री कुमार को आरोप मुक्त करते हुए उनके निलंबन अवधि, दिनांक 26.04.2026 से दिनांक 08.06.2026, को सभी प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य पर बितायी गयी अवधि मानते हुए नियमित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुंगेर सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, केंद्रीय भंडार, मुंगेर, को आरोप मुक्त करते हुए उनके निलंबन अवधि, दिनांक 26.04.2026 से दिनांक 08.06.2026, को सभी प्रयोजनार्थ कर्त्तव्य पर बितायी गयी अवधि मानी जाती है।

आदेश–आदेश दिया जाता है प्रस्तुत संकल्प की एक प्रति श्री धीरेन्द्र कुमार, तदेन विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुंगेर सम्प्रति विद्युत कार्यपालक अभियंता, केंद्रीय भंडार मुंगेर को हस्तगत करा दिया जाए।

आदेश से,

ह0/–

(शत्रुघ्न कुमार सुमन)

अवर सचिव

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-21

बिहार सरकार का उपक्रम

CIN No. U40109BR2012SGC018890

ज्ञापांक..... / दिनांक..... /

निबंधित ई–मेल

प्रतिलिपि– श्री धीरेन्द्र कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, केंद्रीय भंडार मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

ज्ञापांक..... / दिनांक..... /

प्रतिलिपि– अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना/प्रशासक मास्टर ट्रस्ट, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0), नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

ज्ञापांक 666 / दिनांक 12/08/26 /

प्रतिलिपि– महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, पेसू क्षेत्र, पटना/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ महाप्रबंधक (राजस्व), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना /उपमहाप्रबंधक–सह–विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्र/विद्युत अधीक्षण अभियंता/लेखा पदाधिकारी (लेखा), सभी विद्युत आपूर्ति अंचल/विद्युत कार्यपालक अभियंता, सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल/सभी उपमहाप्रबंधक/सभी उप सचिव/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अवर सचिव/ वरीय प्रबंधक (आई0टी0) /लेखा पदाधिकारी (स्थापना/वेतन पर्ची)/ प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

वरीय प्रबंधक (आई0टी0) से अनुरोध है कि इस आदेश कि प्रति कंपनी के वेबसाईट पर अपलोड करने कि कृपा की जाय।

11/8/26

(शत्रुघ्न कुमार सुमन)
अवर सचिव

Illuminating lives...